प्रारंभिक संबोधन

सत्र - 184

25 नवम्बर, 2016

माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल
माननीय नेता, विरोधी दल
मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण
बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् का 184वां सत्र आज से आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। बिहार विधान परिषद् के माननीय नेता, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय सचेतकगण तथा माननीय सदस्यगण का हार्दिक स्वागत करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार-छायाकार प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

बिहार विधान परिषद् का यह शीतकालीन सत्र कुल 6 बैठकों का है। मुझे विश्वास है कि इस सत्र में लोकहित एवं राज्य के विकास से संबंधित अधिक से अधिक विषयों को सदन के पटल पर लाया जाएगा। आशा है कि माननीय सदस्यगण अपनी सक्रिय भागीदारी द्वारा इस सत्र को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे।

बिहार सरकार के 'सात निश्चय' का संकल्प बिहार राज्य के बुनियादी परिवर्तन एवं प्रगति में एक मील का पत्थर साबित होगा। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के दृढ़संकल्प एवं ठोस योजना के साथ निश्चित समय पर कार्य करने की उनकी प्रतिबद्धता से खुशी एवं उत्साह महसूस होता है। इन 'सात निश्चय' में शिक्षा को जिस तरीके से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान

अवधेश नारायण सिंह सभापति
बिहार विधान परिषद्

दिया गया है, राज्य की चौमुखी प्रगति में बहुत कारगर सिद्ध होगा। आगे की पढ़ाई के लिए 'स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड' राज्य के छात्रों को पढ़ने में बहुत सहायक सिद्ध होगा। मैं अपनी एवं सदन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं।

इस वर्ष ओलम्पिक एवं पारा ओलम्पिक में खिलाड़ियों द्वारा पदक प्राप्त करने पर मैं सदन की ओर से उन्हें बधाई देता हूं, विशेषकर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, पी. बी. सिंधु को, जिसने चाइना ओपन खिताब भी जीत लिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य की समस्याओं के प्रति हम सभी गंभीर एवं चिंतित हैं। इसलिए दलगत भावना से ऊपर उठकर हम सभी एकमत होकर बिहार राज्य के हित में सदन में एकजुट होकर कार्य करें ताकि राज्य का प्रत्येक तबका लाभान्वित हो सके।

पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण तथा मीडिया के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

इस सदन की ओर से मैं माननीय मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने विधान मंडल परिसर में स्थान की कमी को दूर करते हुए दिनांक 19 नवम्बर, 2016 को विस्तारित भव्य इमारत का उद्घाटन किया।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह

25 नवम्बर, 2016